हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

देशभर में आज 24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर के पांच सिद्धांत – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रहमचर्य और अपरिग्रह – सभी को जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर लोग अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर गुजरात के कोबा तीर्थ स्थित सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया।सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा था कि यह संग्रहालय जैन संस्कृति की उत्कृष्ट कृतियों और मानव जाति के प्रति जैन धर्म के योगदान को प्रदर्शित करता है।

केंद्र सरकार ने कल से शुरू हो रही जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। नई दिल्लीह में संवाददाता सम्मे2लन में, भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में घर-घर जाकर सूचीकरण और स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा

तय कार्यक्रम के अनुसार 30 सितंबर तक चलेगा।स्व-गणना पोर्टल 16 भाषाओं में उपलब्ध होगा।

अंबाला में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने कहा है कि अंबाला जिले में रसोई गैस सहित पैट्रोल, डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। उपभोक्ताओं को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलैण्डर उपलब्ध हैं। इसलिए आमजन को घबराने व अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।श्री राठी ने बताया कि जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है लोग समस्या आने पर दूरभाष नम्बर 0171-2982868 पर नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जहां पर भी अनियमिताएं पाई जा रही हैं वहां पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभी तक कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों से 95 सिलैण्डर जब्त किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही समयबद्ध तरीके से गैस की बुकिंग करें, अनावश्यक भण्डारण से बचें।

कैथल जिला के सरकारी विद्यालयों में 100 प्रतिशत नामांकन एवं शून्य ड्रॉप आउट के उद्देश्य से उपायुक्त अपराजिता ने कल लघु सचिवालय से एक प्रवेश उत्सव रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से सभी सरकारी विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रवेश उत्सव रथ की शुरुआत की गई है।उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग का यह रथ सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने एवं शिक्षा की अलख जगाने गांव-गांव में जाएगा। सबसे पहले उन गांवों को चुना जाएगा जहां पर सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या कम है। यह रथ जनमानस को

सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं अपनी उपलब्धियों से भी अवगत करवाएगा।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की वर्ष 2024 की 10233 अभ्यर्थियों की रद्द की गई ग्रुप-सी भर्ती बहाल होने से 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को राहत मिली है।भर्ती से जुड़े अभ्यर्थियों ने आज हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह से मिल कर उनका आभार जताया। काबिलेगौर है कि सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों के मामले में सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी, जिस पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया।श्री हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग की मंशा हमेशा से पात्र अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने और भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ाने की रही है। उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य के लिए एक सकारात्मक और ऐतिहासिक कदम बताया।उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र उम्मीदवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और जो भी लाभ बनता है, वह अदालत के आदेशों के अनुसार दिया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अभ्यर्थियों के कई मुद्दे अभी भी विचाराधीन हैं, जिनमें उम्र सीमा से जुड़ा मामला प्रमुख है। इन सभी मामलों पर कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत उचित निर्णय लिया जाएगा।

विश्व बाइपोलर दिवस के अवसर पर कल स्वास्थ्य विभाग द्वारा भिवानी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाइपोलर डिसऑर्डर के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वे मरीज रहे जिन्होंने स्वयं बाइपोलर डिसऑर्डर से जंग जीती है। मंच

पर अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे सही डॉक्टरी सलाह और परिवार के साथ ने उन्हें एक सामान्य जीवन में वापस लौटने में मदद की। इन मरीजों को सम्मानित भी किया गया।

कैथल जिला के सरकारी विद्यालयों में 100 प्रतिशत नामांकन एवं शून्य ड्रॉप आउट के उद्देश्य से उपायुक्त अपराजिता ने कल लघु सचिवालय से एक प्रवेश उत्सव रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से सभी सरकारी विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रवेश उत्सव रथ की शुरुआत की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग का यह रथ सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने एवं शिक्षा की अलख जगाने गांव-गांव में जाएगा। सबसे पहले उन गांवों को चुना जाएगा जहां पर सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या कम है। यह रथ जनमानस को सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं अपनी उपलब्धियों से भी अवगत करवाएगा।